## 1459 असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों पर निकलेगी वैकेंसी, केमेस्ट्री में सबसे ज्यादा पद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मध्यप्रदेश के शासकीय कॉलेजों में असिस्टेंट प्रोफेसर के खाली पदों पर भर्ती के लिए लोक सेवा आयोग (MPPSC) इसी माह अधिसूचना जारी करने वाला है। इस बार कुल 1459 पदों के लिए भर्ती की जाएगी, जिसमें सबसे ज्यादा 158 पद केमेस्ट्री विषय के हैं। पिछली बार दिसंबर 2022 में आई वैकेंसी में सबसे अधिक 200 पद अंग्रेजी विषय के थे, जबकि इस बार अंग्रेजी में 96 पद उपलब्ध हैं। छह विषयों में केवल एक-एक पद होगा, और कुछ विषयों जैसे लॉ में एक भी पद नहीं है। पिछली बार 1669 पदों के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जबकि इस बार संख्या कम है। अंतिम समय में 150 पद और जोड़े जाने की संभावना है। इस बार लाइब्रेरियन के लिए कोई पद नहीं है, जबकि पिछली बार 255 पद थे। कुल 35 विषयों के लिए पिछली अधिसूचना आई थी, जबकि इस बार 26 विषयों के लिए जारी होगी। स्पोर्ट्स ऑफिसर के 128 पद उपलब्ध हैं, जबकि बायोटेक्नोलॉजी जैसे विषय अभी अधिसूचना में शामिल नहीं हैं, लेकिन अंतिम समय में इन पदों को जोड़ा जा सकता है।


उमा कहउँ मैं अनुभव अपना । सत हरि भजनु जगत सब सपना ॥
निज अनुभव अब कहउँ खगेसा । बिनु हरि भजन न जाहिं कलेसा ॥

सांध्य दैनिक

|| मानस हरि भजन || Ram Katha 948-*Thanjavur, Tamil Nadu, India || मोरारी बापू

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 161 | इंदौर, गुरुवार 26 दिसंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


### प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अटलजी की 100वीं जयंती पर देश की पहली केन-बेतवा राष्ट्रीय परियोजना का किया शिलान्यास

# केन-बेतवा नदी जोड़ो राष्ट्रीय परियोजना से पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में खुलेंगे समृद्धि और खुशहाली के नये द्वार : प्रधानमंत्री श्री मोदी

## मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य जहां नदियों को जोड़ने के अभियान की हुई शुरुआत

## मोहन सरकार ने एक वर्ष में मध्यप्रदेश के विकास को दी नई गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक वर्ष में मध्यप्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिली है। आज मध्यप्रदेश में हजारों करोड़ की विकास परियोजनाओं की शुरुआत हुई है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई के सपने को साकार करती हुई देश की पहली नदी जोड़ी परियोजना केन-बेतवा का आज यहाँ शिलान्यास हुआ है। इसके साथ ही देश के पहले फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्रोजेक्ट, ओंकारेश्वर का भी शिलान्यास हुआ है। इसके लिए मध्यप्रदेश के 'कर्मठ मुख्यमंत्री' डॉ. मोहन यादव की सरकार और यहां की जनता को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं।**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत बुंदेलखंडी बोली में करते हुए कहा, 'वीरों की धरती ई बुंदेलखंड पे रहबे बारे सबई जनन खों हमाई तरफ से हाथ जोड़के राम-राम पौंचे'। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि देश के विकास में अटल जी का योगदान सदैव याद रखा जाएगा। वे सुशासन के प्रतीक थे। आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में मध्यप्रदेश में 1153 अटल ग्राम सेवा सदन का निर्माण प्रारंभ हो रहा है, जिसकी पहली किश्त भी जारी की गई है। सुशासन हमारी सरकार की पहचान है। हमारे लिए जनहित, जनकल्याण और विकास सर्वोपरि है। हम जन सामान्य के लिए समर्पित हैं। आजादी के दीवानों ने देश के लिए अपना लहू बहाया था, हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए पसीना बहाते हैं। अच्छी योजनाओं के साथ ही उन्हें लागू करना और उनका लाभ 100% लाभार्थी तक पहुंचाना सुशासन का पैमाना है।




### बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली के द्वार खुलेंगे। बुंदेलखंड क्षेत्र में बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष किया है, परंतु पूर्ववर्ती सरकारों ने जल संकट का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला। आजादी के सात दशक बाद भी राज्यों के बीच नदियों के जल के लेकर विवाद चलते रहे, परंतु उन्हें दूर करने का कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। जब अटल जी की सरकार बनी तो उन्होंने नदी जोड़ो के रूप में इसका स्थाई हल निकाला और उसका कार्य भी शुरू कर दिया गया, परन्तु 2004 के बाद वह बंद कर दिया गया। आज अटल जी का नदी जोड़ने का सपना मध्यप्रदेश की भूमि पर साकार होने जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जल शक्ति और जल संसाधन के विकास के लिए लिए बाबा साहेब अंबेडकर के विजन और किए गए प्रयासों की सराहना भी की।

### मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदला

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जल समस्या 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में एक है। वही देश आगे बढ़ेगा जिसके पास पर्याप्त जल और उसका उचित प्रबंध होगा। गुजरात में सूखा पड़ता था परंतु मां नर्मदा के आशीर्वाद से गुजरात का भाग्य बदल गया। मध्यप्रदेश ने सूखाग्रस्त गुजरात को जलयुक्त बनाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मैंने बुंदेलखंड की बहनों और किसानों से जो वादा किया था, आज मैं 45 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजना के साथ उसे पूरा करने आया हूं। आज यहां दौधन बांध का शिलान्यास हुआ है। इससे जो नहर निकलेगी वो लगभग 11 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई करेगी।

### जल सुरक्षा और जल संरक्षण के रूप में याद किया जाएगा यह दशक

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में यह दशक जल सुरक्षा और जल संरक्षण के दशक के रूप में याद किया जाएगा। देश में पिछले सात दशक में सिर्फ 3 करोड़ परिवारों के पास नल से जल पहुंचता था। हमारी सरकार ने पिछले 5 वर्षों में 12 करोड नए परिवारों तक नल से जल पहुंचाया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पीने के पानी की गुणवत्ता की जांच के लिए देशभर में 2100 वॉटर क्वालिटी लैब बनाए गए हैं और 25 लाख महिलाओं को शिक्षित किया गया है। शुद्ध पेयजल बीमारी से बचाव भी करता है।

### अधूरी सिंचाई परियोजनाओं को कराया पूरा

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में 100 बड़ी सिंचाई परियोजनाएं अधूरी पड़ी थी, हमारी सरकार ने हजारों करोड़ रुपए खर्च करके उन्हें पूरा करवाया है। देश में आधुनिक तरीके से एक करोड़ हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में पिछले 10 साल में 5 लाख हैक्टेयर भूमि में माइक्रो इरिगेशन हो रहा है। आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर देश के हर जिले में 75-75 अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत 3 लाख से अधिक रिचार्ज वेल बनाए गए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जहाँ-जहाँ भूजल स्तर कम था, वहाँ अटल भूजल योजना चलाई गई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश पर्यटन में अव्वल है। एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश दुनिया के 10 सबसे बड़े आकर्षक टूरिस्ट डेस्टिनेशन में शामिल है। हमारी सरकार देश-विदेश की पर्यटकों को सुविधाएं बढ़ा रही है। विदेशों के लिए ई-वीजा सुविधा प्रारंभ की गई है। G-20 की खजुराहो में हुई बैठक में एमपी टूरिज्म का प्रचार-प्रसार किया गया। देश में हेरिटेज और वाइल्डलाइफ टूरिज्म का विस्तार किया जा रहा है। इसकी मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व संभावना है। केंद्र की स्वदेश दर्शन योजना के अंतर्गत ईको टूरिज्म और हेरिटेज टूरिज्म का विस्तार किया जा रहा है। गांधी सागर, बाणसागर, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, सांची, खजुराहो, ग्वालियर ओरछा, चंदेरी, मांडू आदि पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। केन-बेतवा योजना की लिंक नहर के माध्यम से पन्ना टाइगर रिजर्व में पर्यटन बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे।

### भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनने जा रहा है। आज दुनिया भारत को जानना चाहती है। पिछले दो दशकों में मध्यप्रदेश ने कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। आने वाले सालों में मध्यप्रदेश देश की टॉप इकोनॉमी में से एक होगा। प्रदेश में तीव्र गति से निरंतर हो रहे विकास कार्यों के फलस्वरुप विकसित बुंदेलखंड, विकसित मध्यप्रदेश और विकसित भारत बनेगा। हमारी डबल इंजन सरकार निरंतर ईमानदारी से कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सुशासन का अर्थ है जनता को अपने अधिकारों के लिए हाथ न फैलाना पड़े और सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें। सुशासन के लिए हमने तकनीकी का भी पूरा उपयोग किया, जिससे फर्जीवाड़ा बंद हुआ है। गरीबों के जन-धन बैंक खाते खुलवाए गए और उन्हें आधार और मोबाइल से जोड़ा गया। अब उनके खाते में किसान सम्मान निधि, लाडली बहना आदि योजनाओं की राशि सीधे ही पहुंच रही है। गरीबों को बिना परेशानी के मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के लिए 'एक देश-एक राशन कार्ड' योजना चल रही है। हम सुशासन की वर्तमान चुनौतियों को दूर करते हुए भविष्य की चुनौतियों पर भी कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल से चंबल-मालवा और बुंदेलखण्ड में होगी पर्याप्त पेयजल और सिंचाई की व्यवस्था : मुख्यमंत्री डॉ. यादव मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के संदर्भ में आधुनिक युग के भगीरथ हैं।

# भिक्षा मांगने पर बैन का विरोध, भिक्षुकों ने घेरा कलेक्टर कार्यालय, 5 हजार रुपए महीना मांगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर में कलेक्टर द्वारा शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने की मुहिम के खिलाफ बड़ी संख्या में भिक्षुक, दिव्यांग और कुष्ठ पीड़ित कलेक्टर कार्यालय पर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मांग की कि उन्हें भिक्षा मांगने की अनुमति दी जाए या उनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी ली जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा पेंशन के नाम पर दिए जा रहे 600 रुपए और राशन से उनके परिवार का गुजारा संभव नहीं है। प्रदर्शन में शामिल कुष्ठ पीड़ितों और भिक्षुकों ने संघ का निर्माण कर लिया है, जिसमें सहयोग कुष्ठ निवारण संघ और दिव्यांग हितग्राही भी शामिल हैं। संघ के अध्यक्ष सारंग गायघने और सुभाष भरवाड़ ने बताया कि उनका जीवन भिक्षावृत्ति पर निर्भर है, और कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा 1 जनवरी से भिक्षा देने और लेने वालों पर एफआईआर दर्ज करने के



आदेश उनके जीवनयापन के अधिकार का हनन हैं। कलेक्टर द्वारा चलाई जा रही दीनदयाल रसोई योजना के तहत गरीब और जरूरतमंद लोगों को मात्र पांच रुपए में भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मजदूर चौराहों और रैन बसेरों पर भी यह सुविधा नगर निगम द्वारा दी जा रही है। शहर की कई सामाजिक संस्थाएं भी इसी तरह की योजनाओं में योगदान दे रही हैं। परदेशीपुरा क्षेत्र में साईं मंदिर समिति द्वारा भी पांच रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रति माह 5 हजार रुपए की सहायता राशि की मांग की। उन्होंने अन्य राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि आंध्रप्रदेश में 6 से 15 हजार रुपए, दिल्ली और हरियाणा में 3 हजार रुपए, और महाराष्ट्र में 4 हजार रुपए मासिक सहायता दी जाती है। इंदौर में भी कम से कम 5 हजार रुपए मासिक सहायता की मांग की गई।

## कांग्रेस ने सांसद को भेंट की संविधान की किताब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को इंदौर सांसद शंकर लालवानी को संविधान की किताब भेंट की। उनसे पूछा कि क्या आप अमित शाह के बयान से सहमत हैं।**

जिला कांग्रेस सेवा दल के कार्यकारी अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई। पूरे देश में हर वर्ग, हर संप्रदाय इसका विरोध कर रहा है। दरअसल, 17 दिसंबर को शाम 7:45 बजे राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, 'मान्यवर अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर। इतना नाम अगर भगवान का लेते, तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता।' खंडेलवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आह्वान किया था कि प्रदेश के सभी जिलों में कांग्रेस



के नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने क्षेत्रीय भाजपा विधायकों और सांसदों को संविधान की प्रति भेंट करें और उनसे पूछें, क्या आप अमित शाह के बयान से सहमत हैं? यह भी पूछें कि अमित शाह को बाबा साहब पर की गई टिप्पणी को लेकर देश से माफी मांगना चाहिए, अमित शाह का तत्काल इस्तीफा देना चाहिए? आज हमने इन तीनों बातों को लेकर इंदौर के सांसद को संविधान की किताब भेंट की।

## जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की सौगात के लिए जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार जताया है।

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है। केन-बेतवा लिंक परियोजना के साकार रूप लेने पर मध्यप्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भारत वर्ष की नदियों को जोड़ने का जो सपना था,वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प एवं प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के अथक प्रयासों एवं नेतृत्व में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में साकार हो रहा है। श्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा आज खजुराहो में केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना का भूमि पूजन कर बुंदेलखंड क्षेत्र को एक बड़ी सौगात दी है। आज का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। केन-बेतवा लिंक परियोजना न सिर्फ विकसित मध्यप्रदेश का स्वर्णिम अध्याय बनेगी, बल्कि बुंदेलखंड के विकास को नया आयाम देगी। इस ऐतिहासिक सौगात के लिए मंत्री श्री सिलावट ने मध्यप्रदेश और विशेष तौर पर बुंदेलखंड की ओर से आभार जताया है।

## वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का किया जायेगा नि:शुल्क वितरण

### इंदौर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में परीक्षण शिविरों के आयोजन हेतु तिथियां निर्धारित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के अंतर्गत वृद्धजनों व दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग सहायक उपकरणों का नि:शुल्क वितरण किये जाने हेतु इंदौर जिले के नगरीय एवं ग्रामीण निकायों में परीक्षण शिविर आयोजित किये जाएंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की संयुक्त संचालक श्रीमती सुचिता बेक तिर्की ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आगामी 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत इंदौर की ग्राम पंचायत खुडेल बुजुर्ग में परीक्षण शिविर आयोजित किया जायेगा। इसी तरह 26 दिसम्बर को महू जनपद परिसर में, 27 दिसम्बर को सॉवेर जनपद परिसर में, 30 दिसम्बर को देपालपुर जनपद परिसर में तथा इंदौर शहर में 31 दिसम्बर को जिला विकलांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी भवन) रेडीमेड काम्प्लेक्स के पास समाज कल्याण परिसर परदेशीपुरा में परीक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। अपील की गई है कि चिन्हांकन शिविर में अधिक से अधिक वृद्धजन एवं दिव्यांगजन सम्मिलित होकर अपना पंजीयन करवाएं, ताकि उनकी आवश्यकता के अनुसार उन्हें उपकरण प्रदाय करने के लिए चिन्हित किया जा सके। शिविर का समय प्रातः 11 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

इन्दौरी एबले के रंग में बजरबट्टू

## इन्दौरी भंडारा व नगर निगम व झांकीबाज ने किया कमाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर...दशा नीमा समाज की अग्रणी संस्था युवान द्वारा 22 दिसम्बर की शाम प्रिंस पैराडाइस AU सिनेमा के पास इन्दोरी एबले का आयोजन किया गया ,यूँ तो ये आयोजन हँसी ठिठोली पर आधारित था**

जिसमे रंगपंचमी के बजरबट्टू जिसमे पुष्पा,छोटा पंडित,गुत्थी ,अमिताभ बच्चन ,सिद्धू ,राजमाता शिवगामी आदि ने खूब रंग जमाया,युवान के इन्दोरी चटोरे ग्रुप ने इन्दोरी के भंडारे को लेकर प्रेम व इंदौर नगर निगम की कार्यवाही को ख़ास ध्यान रखते हुए अपने एक्ट में इस बात को बखूबी प्रदर्शन किया।



रणजीत चौपाटी व खाऊ गली की स्टाल के रूप में अन्ना के अप्पे, नमो सैंडविच, विकास रबड़ी,पानी पताशे व मोमोज को दिखाया गया तो भंडारे के लिए कैलाश व संजू व समर्थकों के झगड़े,व पत्रकार श्यामली व कैमरामैन अलीशा के भंडारे की दीवानी के रूप में दिखाया गया,

युवान अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने खुद नगर निगम लीडर की भूमिका को निभाते हुए नगर निगम के खास कर्तव्य को बखूबी निभाया साथ ही नगर निगम वाले एक्ट में नगर निगम द्वारा पहनने वाले वस्त्र व झाड़ू ख़ास नगर निगम ने उपलब्ध कराए जिसके लिए युवान आभारी है, युवान झाँकीबाज जिसमे अंनत चतुर्दशी पर निकलने वाले विविध स्वरूप व अखाड़ों को प्रदर्शित किया गया,जिसमें पर्यावरण, हिमेश रेशमिया, ममता बैनर्जी कंगना रनौत आदि किरदारों ने अपने समूह के साथ झांकी को प्रदर्शित किया।

# इंदौर एयरपोर्ट पर फिर खुलेगी शराब दुकान, टेंडर जारी

**इंदौर। मध्यप्रदेश के एकमात्र इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर शराब दुकान खोलने की कवायद इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन ने शुरू कर दी है। इस बार एयरपोर्ट पर एक नहीं, बल्कि दो दुकानें खोली जाएंगी।**

एक दुकान इंदौर आने वाले यात्रियों के लिए अराइवल एरिया में होगी, वहीं दूसरी दुकान इंदौर से जाने वाले यात्रियों के लिए डिपार्चर के सिक्योरिटी होल्ड एरिया में खोली जाएगी। दोनों ही दुकानों के लिए एयरपोर्ट प्रबंधन ने टेंडर जारी कर दिए हैं। बता दें कि पहले भी यहां एक दुकान खोली गई थी, जो की अनियमितताओं के कारण बंद हो



गई थी।

इंदौर एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा जारी किए गए टेंडर 9 जनवरी को खोले जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि पहले जहां टेंडर में करीब 5 लाख रुपए महीने की न्यूनतम कीमत रखी गई थी। हालांकि टेंडर करीब 20 लाख रुपए महीने की अधिकतम बोली पर जारी किया गया था। वहीं, इस बार इसे बढ़ाकर 7.25 लाख रुपए की न्यूनतम कीमत तय की गई है। दूसरी ओर, पहले जहां शराब दुकान के लिए कंपनी को 40 वर्ग मीटर स्थान दिया गया था, इस बार इसे घटाकर 20 वर्ग मीटर कर दिया गया है। बता दें कि एयरपोर्ट पर पहले दुकान संचालित करने वाली हिमालया ट्रेडर्स कंपनी ने 6 सितंबर 2023 को ही अपना कॉन्ट्रैक्ट सरेंडर करने का लेटर एयरपोर्ट प्रबंधन को सौंप दिया था। नियमानुसार, किसी भी व्यावसायिक गतिविधि के बंद होने की सूचना मिलने पर एयरपोर्ट प्रबंधन को तुरंत दोबारा इसे शुरू करने के लिए टेंडर जारी करने चाहिए थे। लेकिन प्रबंधन ने इसमें एक साल से अधिक का समय ले लिया। उक्त कंपनी से प्रबंधन को करीब 22 लाख रुपये हर महीने मिलते थे। इंदौर एयरपोर्ट पर यात्रियों की सुविधा के लिए पहली बार शराब दुकान 31 दिसंबर 2022 को एयरपोर्ट के अराइवल एरिया में भोपाल की हिमालया ट्रेडर्स ने खोली थी। कई अनियमितताओं और शिकायतों के साथ ही टेंडर में तय राशि जमा न करने के बाद कंपनी ने 3 जनवरी 2024 से दुकान बंद कर दी थी।

## भाजपा नगर अध्यक्ष के लिए इंदौर में रायशुमारी
## जिराती दौड़ में, रणदिवे फिर बनना चाहते है अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में भाजपा नगर अध्यक्ष के लिए रायशुमारी बुधवार से शुरू हुई। रायशुमारी के लिए 84 नेता लिस्ट में शामिल है। बुधवार को भाजपा कार्यालय में कुछ नेता आए और उन्होंने अपनी तरफ से तीन से चार नामों के प्रस्ताव रखे।**

नगर अध्यक्ष पद की दौड़ में इंदौर के कई नेता शामिल है। इनमें गौरव रणदिवे का दावा दोबारा मजबूत माना जा रहा है। इसके अलावा जीतू जिराती, आकाश विजयवर्गीय, दीपक जैन टीनू भी इस दौड़ में है। जो नेता रायशुमारी में शामिल होंगे।

उसमें मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, मेयर पुष्य मित्र भार्गव सहित 84 नेता शामिल है। यह नेता अपनी तरफ से जो नाम देंगे। उन्हें बंद लिफाफे में भोपाल भेजा



जाएगा। इसके बाद नगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी। उधर 26 दिसंबर से जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी होगी, लेकिन सालभर पहले ही चिंटू वर्मा की नियुक्ति हुई है, इसलिए फेरबदल संभव नहीं है।

रणदिवे का दावा इसलिए मजबूत माना जा रहा है,क्योंकि उनके कार्यकाल में इंदौर में एक भी सीट भाजपा ने नहीं गवाई। लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को देश में सर्वाधिक वोट मिले।

इसके अलावा इंदौर में देश में सबसे ज्यादा भाजपा सदस्य बने है। इस कारण रणदिवे फिर अध्यक्ष बनना चाहते है। उधर खाती समाज के कारण जीतू जिराती का दावा भी मजबूत है,क्योंकि इंदौर के खाती समाज से कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी बने है।

## सालभर बाद भी नहीं मिला इंदौर के हुकमचंद मिल के 1200 श्रमिकों को पैसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पिछले साल 25 दिसंबर को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने 218 करोड़ रुपये हुकमचंद मिल के श्रमिकों को देने के लिए परिसमापक के खाते में डाले थे, लेकिन 1200 श्रमिक के परिवारों को अभी भी उनके हक के पैसे का इंतजार है।

जिन श्रमिकों की मौत हो चुकी है। उनके वारिस तय अभी तक कमेटी ने नहीं किए है,जबकि पांच साल पहले भी कई उन लोगों के खाते में मिल के 50 करोड़ रुपये की राशि जमा की गई थी।

218 करोड़ रुपये पांच हजार श्रमिकों के खाते में जाना थे। जो श्रमिक जीवित थे। उन्हें तो राशि मिल गई, लेकिन मृत श्रमिकों के परिवार राशि के लिए चक्कर काट रहे है। वे बार-बार समिति से उनके हक का पैसा खाते में जमा करने के लिए कह रहे है।

पैसे से वंचित परिवारों का कहना है कि हाईकोर्ट के आदेश का पालन कमेटी द्वारा नहीं किया जा रहा है। करीब 80 करोड़ से अधिक की राशि अभी तक नहीं बंट पाई है। हुकमचंद मिल श्रमिक समिति के अध्यक्ष नरेंद्र श्रीवंश का कहना है कि सभी श्रमिकों के दस्तावेज कोर्ट द्वारा तय

**32 साल पहले बंद हुई थी मिल-** 32 साल पहले हुकमचंद मिल अचानक बंद हो गई थी। मिल श्रमिकों को ग्रेज्यूएटी और पीएफ की राशि नहीं मिली पाई थी। मिल जब बंद हुई थी, तब पांच हजार से ज्यादा श्रमिक काम कर रहे थे। श्रमिकों ने कोर्ट में याचिका लगाई और 31 साल बाद उनके हक में फैसला हुआ था। नगर निगम से हाउसिंग बोर्ड को 40 एकड़ जमीन खरीदी। इस जमीन पर हाउसिंग प्रोजेक्ट भी जल्दी ही शुरू होने वाला है, लेकिन जिन परिवारों को पैसा नहीं मिला है। वे इस पर आपत्ति ले सकते है।

## भारत रत्न अटलजी की जयंती पर दिव्यांगजनों को सामग्री भेंट




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** श्री अटलबिहारी वाजपेयी विचार मंच द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी देश के पूर्व प्रधानमंत्री,भारत रत्न से सम्मानित, कवि हृदय स्व. पं. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर दृष्टिहीन कल्याण संघ के छात्रों को वस्त्र भेंट कर सामग्री दी और मीसाबंदियों एवं वरिष्ठ कार्यकतार्ओं का सम्मान किया गया। प्रारम्भ में अटल बिहारी वाजपेयी विचार मंच के अध्यक्ष संतोष यादव ने स्वागत भाषण दिया और बताया कि वर्ष 2006 से मंच के माध्यम से आयोजन हो रहा है, यह 18 वर्ष हो गए हैं।अतिथियों का स्वागत मंच के अध्यक्ष एड.संतोष यादव एवं भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे, पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय, हरिनारायण यादव, प्रदेश प्रवक्ता टीनू जैन, एमआईसी सदस्य अश्विनी शुक्ला, निरंजनसिंह चौहान, पूर्व राज्यमंत्री योगेंद्र महंत, अशोक चौहान चांदू नेतापार्षद एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित हुए। इस अवसर पर विधानसभा 1 के वरिष्ठ कार्यकतार्ओं का सम्मान शाल श्रीफल एव दुप्पटे से किया गया।

# हर जगह बिखरी क्रिसमस की खुशियां

### दुनिया को दिया प्रेम और शांति का संदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चर्चों और ईसाई आराधना स्थलों पर बुधवार सुबह से ही बड़े दिन क्रिसमस की खुशियां और उल्लास छाया रहा। ठंडी भोर में आज सुबह से बड़ी संख्या में ईसाई समाजजन मिस्सा की पवित्र प्रेयर करने पहुंचे और एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी। आज शहर के सभी ईसाई आराधना स्थल जल्दी खुल गए थे। नवीन वस्त्रों में सज-धजकर ईसाई समाजजन चर्चों में पहुंचे और फादर्स के सान्निध्य में सपरिवार मिस्सा की, पवित्र प्रेयर में शामिल हुए। सभी ने एक दूसरे को क्रिसमस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।**

शहर के रेड चर्च सहित संट जोसफ चर्च नंदानगर, प्रेस्बिटेरियन चर्च मसीही मंदिर, पुष्प नगर, विजय नगर, रंगवासा, सुखलिया, पीपल्या कुमार, नंदबाग, पालदा सहित अन्य सभी कैथोलिक चर्च में सुबह आराधना करने के लिए विशेष उल्लास छाया रहा। सभी चर्चों में आज दिनभर मिलन समारोह और क्रिसमस फिस्ट के आयोजन होंगे, वहीं नवजात शिशुओं का नामकरण



भी किया जाएगा। कल आधी रात को जैसे ही 12 बजे और प्रभु यीशु जन्म की घोषणा फादर्स ने की तो चर्चों में जिंगल बेल्स जिंगल सेल्स गीत गूंजने लगा। साथ ही गिरजाघरों के घंटे भी बजाए गए। केक काटकर बच्चों में वितरित किया गया। मसीह समाज के लोगों ने एक दूजे को बधाई दी। वरिष्ठजनों ने सांता क्लॉज की टोपी का वितरण बच्चों को किया।

क्रिसमस पर्व हमें सिखाता है कि जीवन को दूसरों के लिए उपहार बना लें। क्रिसमस का अर्थ सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि हर दिन के जीवन का तरीका है। आज इस दुनिया को प्रेम, शांति और करुणा की जरूरत है। क्रिसमस हमें यह सिखाता है कि हर छोटा सा कार्य, जो किसी की मदद करता है, दुनिया को बेहतर बनाता है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास

## सीएम मोहन यादव के भाषण की कई बड़ी बातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर।** मध्यप्रदेश को आज पीएम नरेंद्र मोदी ने बड़ी सौगात दी है। खजुराहो में पीएम मोदी ने केन-बेतवा के जल का संगम कराया और दोनों नदियों को लिंक करने की परियोजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट का लोकार्पण किया। वहीं, 1153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमिपूजन भी किया। बता दें कि खजुराहो में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास कार्यक्रम की शुरूआत में पीएम मोदी का स्वागत मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने किया। वहीं, अपने भाषण के दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया।

### 'पीएम मोदी आधुनिक भारत के भागीरथ'

मध्यप्रदेश के सीएम मोहन यादव ने खजुराहो में आयोजित केन-बेतवा लिंक परियोजना का शिलान्यास में बोलते हुए कहा, आज का दिन भारत ही नहीं दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज पीएम नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश की धरती पर पधारे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे गंगा को धरती पर लाया गया था, वैसे ही नदी जोड़कर मोदी जी आधुनिक भारत के भागीरथ बन गए हैं।




### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के भाषण के मुख्य बिंदु

1. आज का दिन भारत ही नहीं दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन है। आज पीएम नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश की धरती पर पधारे हैं।
2. जैसे गंगा को धरती पर लाया गया था, वैसे ही नदी जोड़कर मोदी आधुनिक भारत के भागीरथ बन गए हैं।
3. मध्यप्रदेश में जब भी सूखे की खबर आती थी, तो बुंदेलखंड का नाम सबसे पहले जहन में आता था। लोग अपने घरों के गेट निकालकर उन्हें ईंटों के पैक करके रोजगार की तलाश में घर छोड़कर चले जाते थे। बड़ा कष्ट होता था कि हमारा ये क्षेत्र सालों तक सूखे का दंश झेलता रहा।
4. कांग्रेस के लोग आते थे, सूखा दूर करने के लिए बड़े-बड़े वादे करते थे। लेकिन कुछ नहीं किया।
5. लेकिन नदी जोड़ो परियोजना से 10 जिलों को सिंचाई के लिए भरपूर पानी मिलेगा।
6. चंबल नहर परियोजना से भी किसानों को लाभ मिलेगा।
7. प्रदेश में नवीन ऊर्जा के लिए ओंकारेश्वर में फ्लोटिंग सोलर परियोजना का शुभारंभ हो रहा है।
8. कांग्रेसियों को आज प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आज भूमिपूजन कार्यक्रम और लोकार्पण सुहा नहीं रहा है। उनकी मति मारी गई है।
9. हमारी सरकार के एक साल पूरे होने पर 11 दिसंबर से एक महीने तक जनकल्याण पर्व की शुरुआत की है। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को लाभ दिया जा रहा है। जनता के हित के लिए घर-घर जाकर अभियान चलेगा।
10. आज श्रद्धेय अटलजी की 100वीं जयंती है। उनकी जन्मस्थली ग्वालियर में आज गौरव दिवस मनाया जा रहा है।
11. प्रदेश में शासकीय पदों पर भर्तियां शुरू हो चुकी हैं। मध्यप्रदेश के अलग-अलग शहरों में छह रिजनल इन्वेस्टमेंट समिट की जा चुकी है।
12. हमारी सरकार ने साल 2025 को उद्योग वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है।

# छिंदवाड़ा में गोल्ड लोन ब्रांच से 21 लाख के सोने की चोरी का खुलासा, ऑडिटर गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा के नागपुर रोड स्थित एचडीबी फाइनेंशियल सर्विस गोल्ड लोन ब्रांच में 21 लाख 63 हजार रुपये कीमत के लगभग 309.43 ग्राम सोने की चोरी का कोतवाली पुलिस ने खुलासा कर दिया।यहां ऑडिट करने के दौरान ऑडिटर ने ही पॉलिथीन काटकर नेकलेस कंगन और आभूषण पर हाथ साफ कर दिया था और उसे ले जाकर एक निजी होटल में बोरी के नीचे छुपा दिया था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

कोतवाली के थाना प्रभारी उमेश गोलानी ने बताया कि 24 दिसंबर को एच बी डी फाईनेंसियल सर्विसेज गोल्ड लोन ब्रान्च नागपुर रोड छिन्दवाड़ा के ब्रान्च मैनेजर विशाल पिता रमेश भारद्वाज ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि जबलपुर से आए गोल्ड इन्सपेक्टर अजीत सिंग के द्वारा गोल्ड लोन ऑडिट करते समय दो गोल्ड पैकेटों में कुल लगभग 309.43 ग्राम सोना कीमती 2163000 रुपये का कम होना बताया गया है, इसके बाद कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में धारा-305(1) बीएनएस कायम कर मामले की जांच शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में सारे राज खोल दिए।



टीआई ने बताया कि जब ब्रांच के सीसीटीवी कैमरे को बारीकी से चेक किया गया तो ऑडिटर अजीत सिंग की एक्टीविटी संदेहास्पद पाई गई। दरअसल वह ऑडिट के कुछ छुपाते हुए नजर आया। इसके बाद उससे बारीकी से पूछताछ की गई तो उसने चोरी कबूल ली। बताया जा रहा है कि नरसिंहपुर रोड के गुरु कृपा होटल में वह ठहरा था जहां ऑडिटर ने सोने के आभूषण छुपाए थे जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

पुलिस ने बताया कि अजीत सिंह पिता गनपत सिंग कौशिक उम्र 38 साल निवासी वार्ड न 03 ग्राम पोस्ट उपनी सीधी जिला सीधी का है। वह एच डी बी फाईनेंसियल सर्विसेज गोल्ड लोन में गोल्ड इन्सपेक्टर है और 18 जिलो में जाकर गोल्ड लोन आडिट करता है। इस शातिर आडिटर ने पैकेट को नीचे से काटकर 05 नग सोने के कंगन, 01 सोने की चैन, 02 नग सोने के नेकलेश, 08 नग सोने के टाप्स, 03 नग सोने की चैन लाकेट सहित को निकालकर शेष आभूषण को पुनः पैकेट में रखकर टेप चिपका दिया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कार पर पलटा ट्रक... नायाब तहसीलदार, आरआई सहित पटवारी दबे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** कैंट थानाक्षेत्र में बुधवार शाम अनाज से भरे ट्रक ने नायाब तहसीलदार की गाड़ी को टक्कर मार दी। इसके साथ ही ट्रक नायाब तहसीलदार की गाड़ी पर पलट गया। इससे वाहन में सवार नायाब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक और पटवारी घायल हो गए। नायाब तहसीलदार को आइसीयू में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार नायाब तहसीलदार अनुराग जैन राजस्व अमले में शामिल आरआइ कुलदीप गुप्ता और पटवारी महेंद्र रघुवंशी के साथ पगारा में जमीन विवाद सुलझाने गए थे। वह विवाद सुलझाकर वापस गुना लौट रहे थे। इसी दौरान लगभग छह बजे सामने से आ रहे अनाज से भरे ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। उसके बाद ट्रक वाहन पर पलट गया। इससे उनकी कार भी पलट गई। इस हादसे में नायाब तहसीलदार सहित राजस्व निरीक्षक व पटवारी भी दब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तीनों को बाहर निकाला। सूचना पर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां नायब नायाब तहसीलदार की गंभीर हालत को देखते हुए आइसीयू में भर्ती किया है। अस्पताल में कलेक्टर डा. सतेन्द्र सिंह सहित अधिकारी भी पहुंच गए थे।

## डेढ़ साल के बच्चे की कुएं में डूबने से मौत, गांव में पसरा मातम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल जिले में जयसिंह नगर के एक गांव में खेलते-खेलते एक डेढ़ वर्षीय बालक कुएं में गिर गया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है और मां-बाप का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस मौके पर पहुंच पड़ताल कर रही है। मामले पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। घटना अटरिया गांव की है। पुलिस ने बताया कि एक सप्ताह पहले ही बालक अपने दादा-दादी के घर आया था। जानकारी के अनुसार, अभिषेक यादव पिता सोनू यादव 1 साल 6 माह की इस घटना में मौत हुई है।पुलिस ने बताया कि बालक अपने कुछ दोस्तों के साथ अटरिया गांव में अपने दादी के घर में खेल रहा था। तभी खेलते-खेलते वह कुएं में गिर गया। परिजन अंदर थे, मां का ऑपरेशन हुआ था, जिसकी वजह से मां घर के अंदर आराम कर रही थी। जब पिता और अन्य लोग बाहर निकले तो अभिषेक कहीं दिखाई नहीं दे रहा था, जिसके बाद उसकी तलाश की गई तो पता लगा कि घर में स्थित कुएं में उसकी लाश पानी में दिखाई दी, जिसके बाद परिजनों ने उसे पानी से बाहर निकला। जब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

## अस्पताल से शव लेकर भागे परिजन, पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम, शरीर पर मिले चोंट के निशान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** चरक भवन में परिजन बेसुध अवस्था में युवक को लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित किया तो परिजन उसका शव लेकर भाग निकले। अस्पताल से घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ढांचा भवन पहुंची तो मृतक के शरीर पर चोंट के निशान थे। मामला संदिग्ध होने पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जानकारी के अनुसार ढांचा भवन में रहने वाले राहुल पिता अशोक चंद्रावत 30 वर्ष को परिजन चरक भवन लाये थे। परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित किया और शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखने की बात कहीं। परिजन राहुल का शव लेकर चरक भवन से भाग निकले। ड्यूटी कम्पाउंडर ने मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी। पुलिस मृतक के घर पहुंची, जहां सामने आया कि शरीर पर चोंट के निशान हैं।

मामला संदिग्ध होने पर शव को कस्टडी में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल लाया गया। पुलिस ने चोट के संबंध में परिजनों से जानकारी ली तो उनका कहना था कि शराब पीने का आदी था। गिरने से चोंट लगी है। एएसआई श्रवण भदौरिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर चोंट और मौत का कारण सामने आ पायेगा। फिलहाल मर्ग कायम किया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## कूनो से निकला चीता शहर की सड़कों पर दौड़ता दिखा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के जंगल से निकला चीता वायु श्योपुर शहर में घुस गया। उसका शहर की सड़कों पर दौड़ लगाते वीडियो सामने आया है। चीता ने एक कुत्ते का शिकार भी किया है। ये वीडियो मंगलवार-बुघवार की दरमियानी रात का बताया जा रहा है। चीता वायु शहर के वीर सावरकर स्टेडियम के पास देखा गया। बुधवार को सुबह उसकी लोकेशन बेला भीमलत गांव के पास सामने आई है। कूनो नेशनल पार्क की चीता ट्रैकिंग टीम इस चीते को ट्रैक कर रही है। चीता स्टेडियम, कलेक्ट्रेट और ईको सेंटर होते हुए बावंदा नाले तक पहुंचा है। इस इलाके से सामान्य और कूनो वन मंडल का बफर जोन का जंगल लगा हुआ है। कयास लगाए जा रहे हैं कि चीता अब कूनो वापस लौट जाएगा।

## संपादकीय

# 3 गुना ज्यादा बिजली पैदा होगी जॉर्ज बांध से

चीन की सरकार ने ऐलान किया है कि वह तिब्बत की सबसे लंबी नदी यारलुंग त्सांगपो पर महाशक्तिशाली बांध बनाने जा रही है। इस बांध से चीन के धरती की स्पीड को प्रभावित करने वाले थ्री जॉर्ज बांध से 3 गुना ज्यादा बिजली पैदा होगी। चीन की सरकारी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने बुधवार को इसकी जानकारी दी है। चीनी मीडिया का कहना है कि यह बीजिंग के लिए इंजीनियरिंग की बहुत बड़ी चुनौती बनने जा रहा है। चीन की सरकार इस बांध को बनाने के लिए 137 अरब डॉलर खर्च करने जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह चीनी बांध धरती पर चल रहे सिंगल इन्फ्रास्ट्रक्चर के किसी भी प्राजेक्ट को बहुत पीछे कर देगा। चीन जिसे यारलुंग त्सांगपो नदी कहता है, उसे भारत में ब्रह्मपुत्र नदी कहा जाता है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि चीन इस दैत्याकार बांध का हथियार की तरह से इस्तेमाल करके भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में कभी भी बाढ़ ला सकता है। करीब 2900 किमी लंबी ब्रह्मपुत्र नदी भारत में आने से पहले तिब्बत के पठार से होकर गुजरती है। यह नदी तिब्बत में धरती की सबसे गहरी खाई बनाती है। तिब्बती बौद्ध भिक्षु इसे बहुत पवित्र मानते हैं। चीन इस बांध को भारत की सीमा करीब अपने भयंकर बारिश वाले इलाके में बनाने जा रहा है। चीन का अनुमान है कि इस बांध से 300 अरब किलोवाट घंटे बिजली हर साल मिलेगी। वहीं अभी बिजली पैदा करने के मामले में दुनिया का सबसे बड़ा बांध कहे जाने वाला चीन थ्री जॉर्ज हर साल 88.2 अरब किलोवाट घंटे बिजली पैदा करता है। चीन के हुबई प्रांत में स्थित थ्री जॉर्ज बांध यांगजी नदी पर बनाया गया है।

**अर्ज किया है..!**

*हैं एक ही लम्हा जो कहीं*
*वस्ल कहीं हिज्र*
*तकलीफ़ किसी के लिए*
*आराम किसी का*

*- ऐन ताबिश*



*अगर आप प्रतिक्रिया करने की अवस्था में हैं, तो कोई भी इंसान या कोई भी चीज आपके जीवन को अपने बस में ले सकती है। सचेत होकर उत्तर देना या रेस्पांड करना ही आगे बढ़ने का रास्ता है।*

**- जग्गी वासुदेव**

## धर्म-कर्म

# सफला एकादशी की व्रत कथा

## इस कथा को पढ़ने से नए साल में आपके हाथ लगेगी सफलता



सफला एकादशी की शुभकारिणी कथा सुनो। चम्पावती नाम से विख्यात एक पुरी है, जो कभी राजा माहिष्मत की राजधानी थी। राजर्षि माहिष्मत के पांच पुत्र थे। उनमें जो ज्येष्ठ था, वह सदा पापकर्म में ही लगा रहता था। परस्त्रीगामी और व बुरे आचरण वाला था। उसने पिता के धन को पापकर्म में ही खर्च किया। वह सदा दुराचार परायण तथा ब्राह्मणों का निन्दक का था। वैष्णवों और देवताओं की भी हमेशा निन्दा किया करता था। अपने पुत्र को ऐसा देखकर माहिष्मत ने राजकुमारों में उसका नाम लुंभक रख दिया, फिर पिता और भाइयों ने मिलकर उसे राज्य से बाहर निकाल दिया।

लुम्बक उस नगर से निकलकर वन में चला गया। वहीं रहकर उस पापी ने समूचे नगर का धन लूट लिया। एक दिन जब यह चोरी करने के लिए नगर में आया तो रात में पहरा देने वाले सिपाही ने उसे पकड़ लिया। किन्तु जब उसने अपने को माहिष्मत का पुत्र बताया तो सिपाहियों ने उसे छोड़ दिया। फिर वह पापी वन में लौट आया और मांस तथा वृक्षों के फल खाकर और निर्वाह करने लगा। उस दुष्ट का विश्राम स्थान पीपल के नीचे था। वहां बहुत वर्षों का पुराना पीपल का वृक्ष था। उस वन में वह वृक्ष एक महान देवता माना जाता था। पापबुद्धि लुम्भक वहीं निवास करता था।

बहुत दिनों के पश्चात् एक दिन किसी संचित पुण्य के प्रभाव से उसके द्वारा एकादशी के व्रत का पालन हो गया। पौष मास में कृष्ण पक्ष को दशमी के दिन पापिष्ठ लुम्भक ने वृक्षों के फल खाए और वस्त्रहीन होने के कारण रात भर जाड़े का कष्ट भोगा। उस समय न तो उसे नींद आयी और न आराम ही मिला। वह निष्माण-सा हो रहा था। सूर्योदय होने पर भी उस पापी को होश नहीं हुआ। 'सफला' एकादशी के दिन भी लुम्भक बेहोश पड़ा रहा। दोपहर होने पर उसे चेतना प्राप्त हुई। फिर इधर-उधर दृष्टि डालकर वह आसन से उठा और लैंगड़े की भांति पैरों से बार-बार लड़खड़ाता हुआ वन के भीतर गया। वह भूख से दुर्बल और पीड़ित हो रहा था।

राजन् ! उस समय लुम्भक बहुत-से फल लेकर ज्यों ही विश्राम- स्थान पर लौटा, त्यों ही सूर्यदेव अस्त हो गये। तब उसने वृक्ष की जड़ में बहुत से फल चुने और निवेदन करते हुए कहा, इन फलों से लक्ष्मीपति भगवन् विष्णु संतुष्ट हो। यो कहकर लुम्भक ने रात भर नींद ही नहीं ली। इस प्रकार अनायास ही उसने इस व्रत का पालन कर लिया। उस समय सहसा आकाशवाणी हुई - 'राजकुमार ! तुम 'सफला' एकादशी के प्रसाद से राज्य और पुत्र प्राप्त करोगे।' बहुत अच्छा' कहकर उसने वह वरदान कि स्वीकार किया। इसके बाद उसका रूप दिव्य हो गया। तब से उसकी उत्तम बुद्धि भगवान विष्णु के भजन में लग गई।

दिव्य आभूषणों की शोभा से सम्पन्न होकर उसने अकण्टक राज्य प्राप्त किया और पंद्रह वर्षों तक वह उसका संचालन करता रहा। उस समय भगवान् श्रीकृष्ण की कृपा से उसके मनोज्ञ नामक पुत्र उत्पन्न हुआ। जब वह बड़ा हुआ, तव लुम्भक ने तुरंत ही राज्य की ममता छोड़कर उसे पुत्र को सौंप दिया और वह भगवान श्रीकृष्ण के समीप चला गया, जहां जाकर मनुष्य कभी शोक में नहीं पड़ता। राजन ! इस प्रकार जो सफला एकादशी का उत्तम व्रत करता है, वह इस लोक में सुख भोगकर मरने के पश्चात् मोक्ष को प्राप्त होता है। संसार में वे मनुष्य धन्य हैं, जो 'सफला एकादशी के व्रत में लगे रहते हैं। उन्हीं का जन्म सफल है। महाराज ! इसकी महिमा को पढ़ने, सुनने तथा उसके अनुसार आचरण करने से मनुष्य राजसूय यज्ञ का फल पाता है।

New Delhi

# जम गया पाइप का पानी, कई शहरों में माइनस में पारा भयंकर शीतलहर की चपेट में यूपी समेत ये राज्य

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूरा उत्तर भारत इस वक्त जबरदस्त सर्दी की चपेट में है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में ठंड के और बढ़ने की संभावना जताई है। पहाड़ों पर हो रही भारी बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते कई इलाकों में बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी। वहीं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने प्रायद्वीपीय राज्यों ओडिशा, तटीय आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना में बारिश की भविष्यवाणी की है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 26 दिसंबर को हल्की बारिश हो सकती है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री सेल्सियस



रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने दिल्ली में घने कोहरे के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बुधवार को यहां न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से 1.5 डिग्री कम है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भीषण कोहरे की संभावना जताई गई है। गाजियाबाद, मेरठ, लखीमपुर खीरी और बहराइच समेत कई इलाकों में 26 दिसंबर को येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, राजस्थान के पिलानी और गंगानगर में न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जयपुर, कोटा और उदयपुर समेत राजस्थान के कई हिस्सों में हल्की बारिश का अनुमान है। हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी के कारण तीन राष्ट्रीय राजमार्ग समेत कुल 226 सड़कें बंद कर दी गई हैं। लाहौल-स्पीति के ताबो में तापमान शून्य से 10.6 डिग्री नीचे पहुंच गया है।

Uttarpradesh

## भौकाल के चक्कर में पहुंच गए जेल... दूल्हे की कार के सामने फायरिंग करने वाले युवकों को लखनऊ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ, (एजेंसी) शादी के बाद विदाई समारोह के दौरान भौकाल दिखाना दो युवकों को भारी पड़ गया. लखनऊ पुलिस ने विदाई के दौरान हर्ष फायरिंग करने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया. फायरिंग करते उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. जिसके बाद पुलिस ने ये एक्शन लिया.**

दरअसल, लखनऊ के चिनहट इलाके में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिन्होंने अवैध पिस्तौल से विदाई समारोह में फ़ायरिंग की थी. आरोपियों के नाम वैभव पंडित और अमन रावत है. वीडियो में इनको दूल्हे की कार के सामने से फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है. वहीं, दूल्हा सनरूफ खोलकर खड़ा है. आसपास काफी लोग मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक, यह घटना लखनऊ के चिनहट के मटियारी इलाके में हुई है. इसी इलाके में दोनों आरोपी युवक रहते हैं. वीडियो में दोनों बिना किसी डर के खुलेआम फायरिंग कर रहे हैं और लोगों में दहशत फैला रहे हैं. गनीमत रही कि किसी को गोली लगी नहीं, वरना बड़ा हादसा हो सकता था.

Rajasthan

## अजमेर शरीफ दरगाह के पास बुलडोजर ऐक्शन से तनाव, भारी फोर्स तैनात

**अजमेर, (एजेंसी)** अजमेर में शरीफ दरगाह के आसपास गुरुवार सुबह एक साथ कई बुलडोजर गरजे। अजमेर शरीफ दरगाह, अढ़ाई दिन के झोपड़े और दिल्ली गेट के आसपास अजमेर नगर निगम की टीम ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सड़क किनारे और नालों पर किए गए अतिक्रमण तोड़े जाने से वहां तनाव उत्पन्न हो गया। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस के साथ झड़प भी हुई। माहौल को नियंत्रण में रखने के लिए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

ख्वाजा गरीब नवाज के 813वें उर्स से पहले अजमेर नगर निगम ने यह कार्रवाई की है। सुबह ही नगर निगम की टीम भारी पुलिस फोर्स के साथ दरगाह क्षेत्र में पहुंच गई। गजरते बुलडोजरों की



आवाज सुनकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्रित हो गए। नारेबाजी शुरू कर दी गई। लोग बुलडोजर के सामने आकर खड़े हो गए। पुलिस ने उन्हें हटाने की कोशिश की तो झड़प भी हुई। विरोध के बावजूद बुलडोजरों ने अपना काम जारी रखा। सड़क और नाले पर अतिक्रमण करके बनाए गए दुकानों को तोड़ डाला गया।

Rajasthan

### बोरवेल में फंसी चेतना

## हुक से निकालने में अटक रही बच्ची, प्लान A और B पर साथ काम कर रहा बचाव दल



**कोटपूतली, (एजेंसी)** राजस्थान के कोटपूतली के किरतपुरा गांव में बोरवेल में गिरी 3 साल की चेतना को निकलने के लिए पिछले 67 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रेस्क्यू ऑपरेशन ने लगी NDRF और SDRF की टीम पहले प्लान A के तहत अंब्रेला तकनीक से बोरवेल हुक फंसाकर बच्ची को निकलने के प्रयास कर रही है। प्लान A में सफलता नहीं मिल पा रही है .

बच्ची तक पहुंचने के लिए प्लान बी पर भी लगातार काम जारी है, जिसमें पाइलिंग मशीन की मदद से बोरवेल के पास ही होल करके उसमें लोहे के बड़े पाइप डाले गए हैं। पाइलिंग मशीन से बोर होते ही रैट माइनर सुरंग बनाकर बच्ची तक पहुंचने का प्रयास करेंगे। आज सुबहतक करीब 140 फीट तक खुदाई पाइलिंग मशीन से हो चुकी थी। मगर नीचे चट्टान आने के चलते मशीन बदली गई। जिसमें करीब 2 घंटे तक खुदाई कार्य रुका रहा। अब थोड़ी दूरी पर फिर से मशीन लगाई गई है। छुट्टी से लौटी कोटपुतली कलेक्टर कल्पना अग्रवाल देर रात मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली. जिला कलेक्टर सुबह 5 बजे भी मौके पर पहुंचीं. साथ ही पुलिस अधीक्षक भी मौके पर मौजूद हैं और वहीं बैठ सुपरविजन कर रहे हैं. जिला कलेक्टर ने कहा कि वो सभी प्रयास किए जा रहे हैं जो रेस्क्यू ऑपरेशन में जरूरी हैं.

खेल

# आईसीसी : कोहली और रोहित की टेस्ट रैंकिंग में बड़ी गिरावट यशस्वी शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज

**दुबई, (एजेंसी) भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को नवीनतम आईसीसी रैंकिंग में बड़ी गिरावट देखने मिली है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से चौथा टेस्ट मैच खेलना है और उससे पहले ही इन दोनों की रैंकिंग में बड़ी गिरावट आई है। कोहली और रोहित के अलावा यशस्वी जायसवाल तथा शुभमन गिल को भी रैंकिंग में नुकसान हुआ है। वहीं, ट्रेविस हेड और स्टीव स्मिथ को बल्लेबाजों की रैंकिंग में फायदा पहुंचा है।**



यशस्वी-गिल को भी नुकसान

पर्थ टेस्ट के बाद बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे यशस्वी एक स्थान के नुकसान के साथ पांचवें नंबर पर आ गया है, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दो स्थान के नुकसान से 11वें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस तरह यशस्वी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। गिल भी चार स्थान के नुकसान से 20वें स्थान पर खिसक गए हैं।


कोहली खराब प्रदर्शन के चलते शीर्ष 20 से बाहर हो गए हैं और एक स्थान के नुकसान के साथ 21वें नंबर पर खिसक गए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से गुजर रहे कप्तान रोहित शर्मा को पांच स्थान का नुकसान हुआ है और वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, लगातार दो शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ट्रेविस हेड एक स्थान के सुधार से चौथे और स्टीव स्मिथ एक स्थान के फायदे के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं।

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने 10 स्थान की छलांग लगाई है और बल्लेबाजों की रैंकिंग में 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। राहुल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। राहुल ने तीन मैचों में 47 के औसत और 50 के स्ट्राइक रेट से 235 रन बनाए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से दो अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ निजी स्कोर 84 है।

पिछले मैच में प्लेइंग-11 में शामिल किए गए रवींद्र जडेजा ने भी नौ स्थान का सुधार किया है और वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में 42वें स्थान पर आ गए हैं। जडेजा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ और एडिलेड टेस्ट में नहीं खेले थे, लेकिन उन्होंने गाबा टेस्ट की पहली पारी में 77 रन बनाए थे जिससे भारत फॉलोऑन बचाने में सफल रहा था। पर्थ टेस्ट की दूसरी पारी को छोड़ दिया जाए तो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक भारत की बल्लेबाजी खराब रही है जिसका खामियाजा रैंकिंग में भुगतना पड़ा है।

सिनेमा

# सोनू सूद का दावा- सीएम और डिप्टी सीएम बनने का मिला था ऑफर, इस वजह से किया मना



सोनू सूद ने कोविड के दौरान कई जरूरतमंद लोगों की मदद की थी। आज भी उनके घर मदद के लिए लोगों की लंबी भीड़ लगी रहती है। सोनू को मसीहा का टैग तक मिला हुआ है। अब सोनू ने हाल ही में बताया कि उन्हें पॉलिटिक्स ज्वाइन करने के कई ऑफर्स आए थे। इतना ही नहीं सोनू का दावा है कि उन्हें मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम का भी ऑफर आया था। सोनू ने बताया कि उन्हें वो लाइफ का सबसे एक्साइटिंग फेस लगा जब इतने पावरफुल लोगों ने उन्हें अप्रोच किया। सोनू ने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे से कहा कि मुझे मुख्यमंत्री बनने का ऑफर मिला था। जब मैंने मना कर दिया तो उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम बन जाओ। वो लोग काफी बड़े लोग थे और उन्होंने मुझे राज्यसभा की सीट भी ऑफर की। सोनू ने आगे कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि राज्य सभा की मेंबरशिप ले लो, हमें जॉइन कर लो, आपको पॉलिटिक्स में हमेशा लड़ने की जरूरत नहीं है किसी चीज के लिए। वो काफी एक्साइटिंग फेज था क्योंकि इतने पावरफुल लोग आपसे मिलने आए और आपको देश में बदलाव लाने को बोल रहे थे।' सोनू ने कहा कि जब आप पॉपुलैरिटी हासिल करते हैं तो आप बड़े होते हैं लाइफ में, लेकिन लंबे ऑल्टीट्यूड्स में ऑक्सीजन लेवल कम होता है।

## Highlights

1. 260 Canadian colleges being investigated over trafficking of Indians into US: ED
2. Sahibzades' sacrifice is example of valour: PM on Veer Baal Diwas
3. He got threats on Instagram, police laughed it off: Faridabad family as son stabbed 14 times
4. Why is 'Veer Baal Diwas' celebrated on December 26?
5. Telugu stars are targeted as they refused CM's attempt to extract money: BJP

# How will sale of used cars will be taxed under new GST rules? A simple guide



**NEW DELHI, (Agency).** The GST Council has recommended an increased 18% tax rate on the margin figure of used car sales which includes all electric vehicles (EVs), along with specified petrol and diesel cars.

### Full details of new used car GST policy

The 18% GST slab applies to all electric vehicles (EVs), petrol cars with an engine capacity of 1,200 cc or more or of length of 4000 mm or more, diesel cars with engine capacity of 1,500 cc or more or with a length of 4000 mm or more, and SUVs.

This means that cars with a lower engine capacity, as mentioned above, and also a lower length will be taxed only at 12% GST, which is the current rate.

If the transaction is between individual sellers wherein the seller is not GST registered, then the tax will not apply. This applies to all types of cars.

The GST Council has also not specified any new reverse charge liability, The Economic Times reported.

While most businesses cannot claim input tax credit (ITC) on the purchase of a car even if it was bought in the name of the GST registered business, car dealers with showrooms along with transporters can claim ITC on such purchases.

However, the report quoted Chartered Accountant Bimal Jain, founder of A2Z Taxcorp LLP, as saying that businesses eligible for claiming input tax credit on car purchases have to pay GST on the sale value and not the margin.

Only those who can't claim ITC have to pay GST on the margin, he added.

# Stock market opens in the green after Christmas, driven by banking stocks

**NEW DELHI, (Agency).** The stock market opened and went into the green on Thursday, December 26, a day after Christmas, mostly driven by banking and financial services shares. At 9:30am, the benchmark BSE Sensex rose by 354.73 points or 0.45%, reaching 78,827.60.

Meanwhile, the broader NSE Nifty rose by 98.45 points or 0.41%, reaching 23,826.10. Maruti Suzuki India Ltd rose the most in the Sensex, going up by 1.16%, trading at ₹10,860.35 at the same time.

This was followed by SBI which was up 1.09%, trading at ₹820.70, and Axis Bank which was up 1.07%, trading at ₹1,090.95. Out of the 30 Sensex stocks, only three were in the red. Tata Consultancy Services Ltd was down 0.04%, trading at ₹4,179.00, followed by Tech Mahindra Ltd, down by 0.05%, trading at ₹1,705.40, and Asian Paints Ltd, down by 0.45%, trading at ₹2,273.95.

# 'युवा स्कॉलरशिप' की घोषणा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर. एरीना एनिमेशन ने सीमित समय के लिए मेरिट-आधारित 'युवा स्कॉलरशिप' की घोषणा की है। यह स्कॉलरशिप उन छात्रों के लिए है, जो अपने कौशल को निखारकर जॉब-रेडी और बहुमुखी बनना चाहते हैं।**

तरुण नरूला ने बताया की इस योजना के तहत छात्रों को फीस में 35% तक की बचत का मौका मिलेगा।. एरीना एनिमेशन ने छात्रों के लिए 3ऊ एनिमेशन, ग्राफिक और वेब डिजाइन, डिजिटल कंटेंट, इंटरेक्टिव डिजाइन और गेमिंग जैसे व्यापक पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए हैं। यह संस्थान छात्रों को फिल्म, टीवी, विज्ञापन, गेमिंग, ऑटोमोबाइल, आर्किटेक्चर और डिजिटल मीडिया जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट करियर बनाने का अवसर प्रदान करता है। इंडस्ट्री-रेलेवेंट ट्रेनिंग के साथ, एरीना एनिमेशन छात्रों को हर इंडस्ट्री के लिए तैयार करता है। इस अवसर का लाभ उठाएं और अपने सपनों को उड़ान दें। एरीना एनिमेशन से जुड़ें और अपने भविष्य को नई दिशा दें।

# एमवाय अस्पताल में इलाज के लिए आए कैदी ने किया सुसाइड

**इंदौर। एमवाय अस्पताल में विचाराधीन कैदी ने आत्महत्या कर ली। उसे सेंट्रल जेल से इलाज के लिए अस्पताल लाया गया था। गुरुवार सुबह उसका शव बाथरूम में फंदे से लटका मिला। फिलहाल, घटना के कारण का पता नहीं चल सका है।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक, राजस्थान में पाली जिले के नयागांव चापड़ा निवासी महेंद्र (30) रेप के मामले में आरोपी था। उसे 16 नवंबर को इंदौर सेंट्रल जेल भेजा गया था। पेशे से हलवाई महेंद्र को हार्निया की बीमारी थी। उसे इलाज के लिए एक हफ्ते पहले ही एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने बताया कि महेंद्र को शुरुआत में ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया था। सेहत सुधरने पर कैदी वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था। गुरुवार सुबह वह गार्ड को बताकर बाथरूम गया। कुछ देर बाद जब दूसरा कैदी बाथरूम गया तो उसने महेंद्र को फांसी पर लटका देखा। गार्ड को जानकारी दी। इसके बाद अस्पताल का स्टाफ मौके पर पहुंचा।सूत्रों के मुताबिक, बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात महेंद्र को हार्निया का दर्द उठा था। वह रातभर चिल्लाता रहा। गार्ड ने इसकी जानकारी अस्पताल स्टाफ को दी लेकिन उन्होंने अनदेखा कर दिया। गुरुवार को जब गार्ड ने कैदी की मौत की सूचना दी तो ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों से उनका विवाद हो गया। डॉक्टर इसे इलाज के दौरान हुई मौत बता रहे थे, लेकिन पुलिस ने जब मौके पर पहुंचकर जांच की तो महेंद्र के गले पर फांसी के निशान पाए। जिससे यह पुष्टि हुई कि उसकी मौत फंदा लगाने से हुई।

# हिंदूवादियों ने युवक को पीटा

## युवती के सिर पर बीयर की बोतल से किया था हमला, मामला दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विजय नगर इलाके के एक पब की पार्किंग में युवती के सिर पर युवक ने बीयर की बोतल मारकर घायल कर दिया।

युवक सलमान लाला गैंग से जुड़ा हुआ होना बताया गया। मामले की जानकारी रात में हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं को मिली। इसके बाद जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने युवक की जमकर पिटाई कर उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। विजय नगर पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है।

हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक राजकुमार टेटवाल के मुताबिक, जानकारी मिली कि ट्रांस पब विजय नगर की पार्किंग में एक हिंदू लड़की को एक वर्ग विशेष युवक ने सिर पर बीयर की बोतल मार कर घायल कर दिया।

जागरण मंच के कार्यकर्ता जब पब की पार्किंग में पहुंचे तो युवती घायल अवस्था में पड़ी थी। उसके सिर से खून निकल रहा था। उसे तत्काल अस्पताल भिजवाया गया।

पूछताछ में जानकारी लगी कि खुद को कुख्यात बदमाश सलमान लाला गैंग के आदमी बताने वाला सोनू नाम का युवक 8-10 लोगों के साथ पब पहुंचा था। उसने धमकी देते हुए कहा कि मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसके बाद हिंदूवादियों ने उसकी जमकर पटाई कर दी।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक